RAF SECTOR

NEWS CLIP

05/02/2024

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik bhaskar, Akola, (MP)

द्रुत कार्य बल ने किया अकोट में शक्ति प्रदर्शन

निज संवाददाता | अकोला

आगामी चुनाव के दौरान जिले में पुलिस की सक्रियता एवं तत्परता को आम नागरिकों तक पहुंचाकर उनमें सुरक्षा की भावना को जगाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश के रायसेन स्थित 107 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स को जिले की सभी तहसीलों में ले जाकर रुट मार्च निकालने का नियोजन पुलिस विभाग की ओर से किया गया है। इसी कड़ी में अति संवेदनशील शहर की श्रेणी में आने वाले अकोला महानगर में शनिवार को पुलिस बल ने पथ संचलन किया। रविवार को अकोट के प्रमुख रास्तों पर बल के जवानों ने अपनी चुस्ती एवं अनुशासन का परिचय दिया। यह पथ संचलन प्लाटून कमांडंट जगदीशप्रसाद बलाई के आदेश पर सहायक कमांडंट अमनकुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है।

द्रुत कार्य बल का उद्देश्य • किसी शहर या महानगर मे किसी तरह का दंगा फसाद अथवा दंगो जैसी परिस्थितियां बने तो बनने वाले हालात से निपटने के लिए भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रैपिड एक्शन फोर्स का गठन किया। 7 अक्टूबर 1992 को गठित इस फोर्स के माध्यम से कम से कम समय मे दंगो वाली जगह पर पहुंचकर परिस्थितियों को देखते हुए परिस्थिति के अनुरुप कार्य हालात से निपटने का नियोजन है। इसलिए रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी को प्रत्येक दिन तीव्र प्रतिसाद के लिए तैनात किया जाता है,ताकि किसी भी जिले मे किसी भी प्रकार की आकस्मिक घटना होने पर घटनास्थल पर तुरंत पहुंचा जा सके। द्रुत कार्य बल 15 बटालियन भारत के विभिन्न प्रदेशों के अलग अलग जिलों मे तैनात है। उसी मे से रायसेन की 107 बटालियन अकोला जिले मे पहुंची है।

लेगी जायजा • आरएएफ के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए सहायक कमांडंट अमनकुमार ने बताया कि, अकोला जिले तथा तहसीलों की भौगोलिक स्थिति सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक जानकारियां जुटाने, क्षेत्र की आबादी, साक्षरता दर, असामाजिक तत्वों, सामुदायीक दृष्टिकोण से संवेदनशील, अतिसंवेदनीशील इलाकों, बलवाईयों एवं दंगाईयों की सूची तैयार करने एवं भविष्य मे किसी प्रकार की कोई घटना या सांप्रदायीक तनाव अथवा दंगे की स्थिति बनने पर उस पर नियंत्रण किस तरह करें इसका गहन अध्ययन किया जाएगा। सोमवार को बालापुर, मंगलवार को मूर्तिजापुर, बुधवार को पातूर एवं शुक्रवार को बार्शिटाकली मे रुट मार्च निकलेगा।

Haribhoomi, Sagar, (MP)

छात्र-छात्राओं ने किया विधानसभा का भ्रमण

मंडीदीप। औद्योगिक नगर के समीप 107 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला की छात्र-छात्राओं को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान तथा विधानसभा भवन का भ्रमण कराया गया। जिसकी जानकारी देते हुए 107 वी द्रुत वहिनी द्रुत कार्य बल के कमांडेंट जगदीश प्रसाद बलाई ने बताया कि क्षेत्र के आसपास ग्राम हिनोतिया सहित अन्य गांवों को फोर्स द्वारा गोद लिया गया है।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।